उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज।

पत्रांकः 8074 /467(2021)/अधियाचन/2021–22 दिनांकः 05/04/2022

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या–01/2021 प्रशिक्षित स्नातक एवं विज्ञापन संख्या–02/2021 प्रवक्ता संवर्ग के विभिन्न विषयों के परिणाम अक्टूबर, 2021 तक चयन बोर्ड द्वारा जारी कर दिये गये थे। प्रशिक्षित स्नातक के 12625 पदों का एवं प्रवक्ता संवर्ग के 2600 पदों का पैनल विभिन्न जनपदों को प्रेषित किये गये। विज्ञापन संख्या–01/2021 प्रशिक्षित स्नातक के प्रेषित पैनल के सापेक्ष 568 एवं प्रवक्ता संवर्ग के सापेक्ष 135 अभ्यर्थियों को विभिन्न कारणों से कार्यभार ग्रहण न कराये जाने के स्थिति के दृष्टिगत समायोजन के प्रस्ताव विभिन्न तिथियों में चयन बोर्ड को प्रेषित किये गये।

2. चयन बोर्ड द्वारा विभिन्न जनपदों से प्राप्त प्रस्तावों का परीक्षण किया गया एवं पाया गया कि प्रशिक्षित स्नातक के कुल 568 प्रस्ताव में से 174 ऐसे प्रस्ताव प्राप्त हुये है जिनका पैनल उन जगहों के लिये भेजा गया था जहॉ पर पूर्व से तदर्थ शिक्षक कार्यरत है। संजय सिंह बनाम स्टेट ऑफ उ0प्र0 व अन्य में मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के क्रम में तदर्थ रूप से कार्यरत शिक्षक चयन की प्रक्रिया पूरी होने तक ही अपने–अपने पदों पर बने रहेंगे। चयन की प्रक्रिया पूर्ण हो जाने के बावजूद भी तदर्थ रूप से कार्यरत शिक्षकों को अपने–अपने जगह पर बनाये रखते हुये उनके स्थान पर चयन बोर्ड द्वारा प्रेषित अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण नहीं कराया गया। अन्यत्र समायोजित किये जाने का प्रस्ताव नियमानुसार एवं सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुरूप नहीं है। अतएव ऐसे प्राप्त प्रशिक्षित स्नातक की 174 प्रस्ताव को विभिन्न जनपदों को वापस इस आशय से कर दिया गया कि बोर्ड द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को आवंटित संस्था में कार्यभार ग्रहण कराना सुनिश्चित करें।

3. प्रशिक्षित स्नातक के शेष 394 प्रस्ताव में से 60 स्थानों पर अभ्यर्थियों ने इस बीच कार्यभार ग्रहण कर लिया है। अवशेष 334 प्रस्ताव में से 120 जगह के लिये अभी तक कोई सत्यापन रिपोर्ट जिला विद्यालय निरीक्षक से प्राप्त नहीं हुआ। अवशेष 214 प्रस्तावों में से 69 ऐसे प्रस्ताव है जिनमें समायोजन किये जाने का कोई आधार जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा उल्लिखित नहीं किया गया। अतएव इन 69 स्थानों पर पूर्व में भेजे गये पैनल के अनुरूप कार्यभार ग्रहण कराने के निर्देश पुनः जारी किये गये। अवशेष 145 प्रस्तावों में से 144 अभ्यर्थियों का समायोजन बोर्ड द्वारा कर दिया गया है। प्रशिक्षित स्नातक के 01 अभ्यर्थियों का समायोजन पदों के रिक्त न होने के कारण आगे उपलब्ध होने वाले रिक्ति के सापेक्ष किया जायेगा।

4. प्रवक्ता संवर्ग के प्राप्त कुल 135 प्रस्ताव में से 23 प्रस्ताव तदर्थ शिक्षक के स्थान पर चयनित अभ्यर्थियों को अन्यत्र समायोजन करने हेतु था। इन प्रस्तावों को जिला विद्यालय निरीक्षक को वापस भेजते हुये उन्हें चयनित अभ्यर्थियों के स्थान पर कार्यभार ग्रहण कराने हेतु निर्देश दिये गये है। शेष 112 पदों में से 35 पदों का सत्यापन अभी तक प्राप्त नहीं है जिसके लिये सम्बन्धित जिला विद्यालय निरीक्षक को पुनः स्मरण कराया गया है। 16 अभ्यर्थियों ने इस बीच कार्यभार ग्रहण कर लिया है। अतएव अवशेष बचे 61 अभ्यर्थियों में से 18 अभ्यर्थियों के कार्यभार ग्रहण न कराने का कोई आधार संसूचित नहीं किया गया है जिसके कारण इन 18 प्रस्तावों को सम्बन्धित जिला विद्यालय निरीक्षक को वापस भेज कर कार्यभार ग्रहण कराने का निर्देश दिया गया है। इस प्रकार समायोजन हेतु 43 प्रस्ताव में से 38 का समायोजन बोर्ड द्वारा कर दिया गया है एवं 05 अभ्यर्थी का समायोजन पद की अनुपलब्धता के कारण नहीं हो पाया है। इस अभ्यर्थी का समायोजन भविष्य में रिक्ति उपलब्ध होने पर किया जायेगा।

5. उपरोक्त से स्पष्ट है कि कुल 703 समायोजन हेतु प्राप्त प्रस्ताव में से अब मात्र 155 प्रस्ताव लम्बित इसलिए रह गये हैं कि उनके सम्बन्ध में सत्यापन आख्या सम्बन्धित जिला विद्यालय निरीक्षकों से चयन बोर्ड में प्राप्त नहीं है।

6. समायोजन के सम्बन्ध में विभिन्न प्रकार की भ्रान्तियों के कारण बोर्ड द्वारा स्थिति स्पष्ट की जा रही है।

05-04-2022

सचिव
उ0प्र0माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,
प्रयागराज।